वर्ष - 01 | अंक - 260 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 21 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890



# नवरात्र में दिव्य आभा से जगमगाया जोगणिया माता मंदिर

**बेंगू । दिनेश गुर्जर ।** नवरात्र के पावन अवसर पर जगमग रोशनी से सजा जोगणिया माता मंदिर संध्याकालीन समय में अलौकिक छटा बिखेरता नजर आ रहा है। रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा और भक्तिमय वातावरण श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है, जहां आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

## गैस सिलेंडर बुकिंग में बड़ा बदलावः अब OTP से ही होगी बुकिंग, DAC के बिना नहीं मिलेगी डिलीवरी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

राजस्थान में रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए अब नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने तेल-गैस कंपनियों को गैस सिलेंडर बुकिंग और डिलीवरी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत अब उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर बुक करते समय ओटीपी (OTP) के जरिए वेरिफिकेशन करना अनिवार्य होगा।



नए नियम के अनुसार, यदि कोई उपभोक्ता मोबाइल एप या तेल-गैस कंपनी की वेबसाइट के माध्यम से गैस बुकिंग करता है, तो उसके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाएगा। इस ओटीपी के वेरिफिकेशन के बाद ही बुकिंग पूरी मानी जाएगी। यही नियम फोन-पे, पेटीएम या अन्य यूपीआई माध्यमों से की गई बुकिंग पर भी लागू रहेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ओटीपी वेरिफिकेशन के बिना किसी भी प्रकार की बुकिंग स्वीकार नहीं की जाएगी। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य फर्जी और अनधिकृत बुकिंग पर रोक लगाना है। अब कोई भी व्यक्ति या गैस एजेंसी संचालक उपभोक्ता की जानकारी के बिना अपने स्तर पर बुकिंग नहीं कर सकेगा। यदि ऐसा करने का प्रयास किया जाता है, तो भी उपभोक्ता के ओटीपी के बिना बुकिंग पूरी नहीं हो पाएगी। इसके साथ ही गैस सिलेंडर की डिलीवरी प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। अब बुकिंग के बाद कंपनी की ओर से उपभोक्ता के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (DAC) भेजा जाएगा। सिलेंडर प्राप्त करते समय उपभोक्ता को यह कोड डिलीवरी बॉय को देना अनिवार्य होगा। इस कोड के माध्यम से ही कंपनी के सर्वर पर डिलीवरी की पुष्टि की जाएगी। इसके अलावा, डिलीवरी बॉय को यह कोड उपभोक्ता की पासबुक या डायरी में दर्ज करना भी अनिवार्य किया गया है, ताकि पूरी प्रक्रिया का रिकॉर्ड सुरक्षित रहे। विभाग के अनुसार, राज्य में रसोई गैस की किल्लत और सप्लाई में आ रही समस्याओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इससे गैस वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आएगी, फर्जी बुकिंग पर रोक लगेगी और वास्तविक उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सकेगा।

## ईंट भट्टे पर खेल खेल में पानी के टैंक में गिरा 7 वर्षीय बालक,डूबने से हुई मौत,परिजनों में छाया कोहराम



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**पुनित चपलोत ।** शहर के हलेड़ रोड स्थित एक ईंट भट्टे पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहाँ पानी के टैंक में गिरने से 7 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

सदर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बडला चौराहे के पास रहने वाले कैलाश प्रजापत का हलेड़ रोड पर स्वयं का ईंट भट्टा है। शुक्रवार को उनका 7 वर्षीय पुत्र शिवम भट्टे पर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह अचानक वहां बने पानी के टैंक में गिर गया। काफी देर तक जब बालक नजर नहीं आया, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

खोजबीन के दौरान बालक टैंक में बेसुध अवस्था में मिला। परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुँचे, जहाँ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर थाना पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंची,जहां परिजनों ने बालक के शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए मना कर दिया। पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई कर शव बिना पोस्टमार्टम कराए परिजनों के सुपुर्द कर दिया

## भीलवाड़ा में बेखौफ बदमाश : बाइक सवार दो लुटेरों ने महिला के गले से झपटी ढाई तोले की सोने की चेन, मचा हड़कंप, वारदात सीसीटीवी में कैद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**पुनित चपलोत**

वस्त्र नगरी में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्हें खाकी का बिल्कुल भी खौफ नहीं रहा। भीमगंज और कोतवाली थाना क्षेत्र के बिल्कुल मुहाने पर नागौरी गार्डन में दिन-दहाड़े चेन स्नैचिंग की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। नकाबपोश लुटेरों ने एक महिला को निशाना बनाते हुए सरेराह लूट की वारदात को अंजाम दिया और रफूचक्कर हो गए।





**चप्पल खरीदने रुकी महिला और झपट पड़े लुटेरे**

जानकारी के अनुसार, घनश्याम गोस्वामी की पत्नी प्रकाश गोस्वामी एक उठावने (शोक सभा) में गई थीं। जहां से उनके चप्पल गायब हो गये। वह अपने पति के साथ नई चप्पल खरीदने के लिए नागौरी गार्डन में एक जूता स्टोर पर रुकीं। जैसे ही वह शोरूम की सीढियां चढने लगीं, पीछे से घात लगाकर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने बाज जैसी फुर्ती दिखाई और महिला के गले पर झपट्टा मार दिया।

**खींचातानी में टूटी ढाई तोले की चेन, आधा हिस्सा ले उड़े लुटेरे**

पीडिता ने बताया कि उनके गले में लगभग ढाई तोले सोने की चेन थी। बदमाशों ने इतनी जोर से चेन खींची कि छीना-झपटी के दौरान चेन के दो टुकड़े हो गए। शातिर बदमाश चेन का एक बड़ा हिस्सा लेकर मौके से फरार होने में कामयाब रहे, जबकि कुछ हिस्सा महिला के पास ही गिर गया। अचानक हुए इस हमले से महिला सहम गई और शोर मचाया, लेकिन जब तक लोग मदद को दौड़ते, लुटेरे गलियों में ओझल हो चुके थे।

**सीसीटीवी में कैद हुई लुटेरों की करतूत, पुलिस की घेराबंदी**

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली और भीमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में नाकाबंदी करवाई। राहत की बात यह है कि लुटेरों की यह पूरी करतूत पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर हुलिए का मिलान कर रही है और संदिग्धों की तलाश में दबिश दी जा रही है। पीडिता के परिवार ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है कि बीच शहर ऐसी वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों को जल्द सलाखों के पीछे भेजा जाए।

## 40 किलो डोडा चूरा के साथ युवक गिरफ्तार, अल्टो कार जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गंगापुर थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में डोडा चूरा बरामद किया है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 किलो 980 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त किया है। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त अल्टो कार को भी जब्त कर लिया गया।

पुलिस ने कार्रवाई थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की 20 मार्च को डीएसटी टीम एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम सरगांव से गुड़ा जाने वाले मार्ग पर कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध अल्टो कार को रुकवाया। तलाशी के दौरान वाहन से भारी मात्रा में डोडा चूरा बरामद हुआ।

पुलिस ने मौके पर ही आरोपी नारायण जाट (24) पुत्र हीरालाल, निवासी हडमतियां, कपासन को गिरफ्तार कर लिया। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पैदल दुकान पर सामान लेने जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला,हुई मौत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**पुनित चपलोत**

मंगरोप में बालाजी मंदिर के सामने पैदल दुकान पर सामान लेने जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया।हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरू करी।

मंगरोप थाना पुलिस ने बताया कि अमित कंजर पिता रामकिशन कंजर उम्र 40 वर्ष जो कि मूल रूप से अलवर और हाल मंडपिया का निवासी है और मंडपिया में ही फैक्ट्री में कार्य करता था।कल गुरुवार रात्रि करीब 8 बजे अमित अपने कमरे से पैदल ही दुकान पर सामान लेने जा रहा था इसी दौरान मंडपिया में बालाजी मंदिर के सामने से उसे किसी अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में अमित गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल



को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया,जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया था।

थाना पुलिस ने शुक्रवार को जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचकर परिजनों कि मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया । पुलिस ने परिजनों कि रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।पुलिस दुघर्टना कारित करने वाले वाहन की पहचान के प्रयास कर रही है।

# 9 साल से फरार 5000 का इनामी नकबजन गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले के कारोई थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे नकबजनी के एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। करीब 9 साल से पुलिस की पकड़ से दूर चल रहे आरोपी पर 5000 रुपये का इनाम घोषित था।

पुलिस ने थाना अधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्रवाई की गई।

पुलिस ने बताया की थाने में धारा नकबजनी के मामले में आरोपी पिछले 9 वर्षों से फरार था। उसे धारा 299 जाफो के तहत वांछित घोषित किया गया था।

पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता, रूट चार्ट और लगातार दबिश देकर आरोपी की तलाश की। आखिरकार टीम ने कड़ी मेहनत और सूझबूझ से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी का मुकेश कंजर ( 35 ) पुत्र भूरा लाल कंजर निवासी धांगलियो का खेड़ा, बस्सी , चित्तौड़गढ़ निवासी है।

# 45 किलो 400 ग्राम डोडा चूरा के साथ तस्कर गिरफ्तार , कार सहित अवैध मादक पदार्थ जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मांडलगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 45 किलो 400 ग्राम डोडा चूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार को भी जब्त किया है। पुलिस ने कार्रवाई को थाना अधिकारी घनश्याम मीणा के नेतृत्व में अंजाम दिया ।

पुलिस ने बताया की 19 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मारुति स्विफ्ट डिजायर कार में डोडा चूरा लेकर मेनाल से लाडपुरा की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने लाडपुरा में नाकाबंदी कर दी।

शाम करीब 7:40 बजे संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान कार में दो प्लास्टिक कट्टों में भरा हुआ डोडा चूरा मिला, जिसका कुल वजन 45 किलो 400 ग्राम पाया गया।

पुलिस ने मौके से चालक योगेश कुमार शर्मा (36) पुत्र देवकीनंदन शर्मा निवासी पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर, कोटा को गिरफ्तार किया है । कार्रवाई के दौरान तस्करी में प्रयुक्त मारुति स्विफ्ट डिजायर कार को भी जब्त किया गया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# आकोला में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

भारतीय जनता पार्टी मंडल नंदराय द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आज एवं 22 मार्च को दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन महेश भवन में किया जाएगा।

मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत ने बताया कि इस शिविर में बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी एवं संयोजक, मंडल कार्यकारिणी, मोर्चा अध्यक्ष व उनकी टीम, जिला पदाधिकारी, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, पूर्व पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में राज्य स्तर पर प्रशिक्षित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा एवं कार्यप्रणाली से जुड़ा प्रशिक्षण देंगे, जिससे संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

# अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई, 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली व जेसीबी जब्त

## पुलिस व डीएसटी टीम की संयुक्त कार्रवाई, बनास नदी क्षेत्र में दबिश





भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

अवैध बजरी खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्थानीय पुलिस एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बनास नदी के मालीखेड़ा क्षेत्र में अवैध बजरी दोहन करते हुए एक जेसीबी मशीन और तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं।


थाना प्रभारी जय सुल्तान ने बताया कि क्षेत्र में अवैध बजरी खनन के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके पर दबिश देकर अवैध खनन में लगे वाहनों को जब्त किया।

सुल्तान ने बताया कि अवैध बजरी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और इस प्रकार के अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# आसींद के उदलपुरा का बढ़ा मान , शिवराज कुमावत बने तहसीलदार, क्षेत्र में खुशी की लहर

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।

क्षेत्र के उदलपुरा गांव ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यहां के निवासी शिवराज कुमावत ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा-2023 में शानदार सफलता हासिल करते हुए प्रदेश में 92वीं रैंक प्राप्त की है। राज्य सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा गुरुवार को जारी सूची में उन्हें 'राजस्थान तहसीलदार सेवा' (RTS) आवंटित की गई है।शिवराज की इस उपलब्धि से पूरे उदलपुरा गांव सहित आसींद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। जैसे ही विभाग आवंटन की खबर सामने आई, सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांता लग गया और गांव में जश्न का माहौल बन गया।




एक समय शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा माने जाने वाला आसींद अब तेजी से उभर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में यहां से कई युवा आईएएस और आईपीएस जैसी प्रतिष्ठित सेवाओं में चयनित हुए हैं। अब राजस्थान प्रशासनिक सेवाओं में भी क्षेत्र के युवाओं की मजबूत उपस्थिति दर्ज हो रही है।

शिवराज कुमावत ने कहा भगवान के आशीर्वाद और कड़ी मेहनत के बाद आधिकारिक रूप से राजस्थान तहसीलदार सेवा आवंटित हुई।

# मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने किया 'मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान' का शुभारंभ

## स्वरूपगंज ग्राम सभा में लिया जायजा, जनभागीदारी से बनेगा 2047 तक विकास का रोडमैप

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राज्य के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को भीलवाड़ा जिले के दौरे के दौरान ग्राम पंचायत स्वरूपगंज में आयोजित प्रथम ग्राम सभा में भाग लेकर 'मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान' का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अभियान की तैयारियों की समीक्षा की तथा राजीविका स्टॉल का अवलोकन कर महिला स्वयं सहायता समूहों के कार्यों की सराहना की।

मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के विजन के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसमें युवा, नारी शक्ति, गरीब एवं अन्नदाता को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं।



उन्होंने बताया कि यह अभियान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का समग्र और योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि 'विकसित राजस्थान 2047' के लिए व्यापक रोडमैप तैयार किया गया है, जिसके तहत आधारभूत संरचना, औद्योगिक विकास एवं पूंजीगत निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा। भीलवाड़ा जैसे औद्योगिक जिलों में टेक्सटाइल एवं स्पिनिंग सेक्टर को और मजबूत करने की दिशा में विशेष कार्य किए जाएंगे।

मुख्य सचिव ने कहा कि 19 मार्च से 15 मई तक ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर जनभागीदारी के साथ विकास योजनाएं तैयार की जाएंगी। पेयजल, सड़क, बिजली, स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तृत आकलन कर GIS आधारित अल्पकालीन (2030), मध्यकालीन (2035) और दीर्घकालीन (2047) योजनाएं बनाई जाएंगी।

उन्होंने बताया कि ग्राम स्तर से प्राप्त सुझावों को जिला स्तर पर समेकित कर मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा, जिसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर पारदर्शिता और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्य सचिव ने ग्रामीणों से ग्राम सभाओं में सक्रिय भागीदारी निभाने और अपनी आवश्यकताओं को साझा करने का आह्वान किया, ताकि आगामी वर्षों की विकास योजना स्थानीय जरूरतों के अनुरूप तैयार हो सके।

# पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारियों ने ग्राम सभाओं का किया बहिष्कार

## वर्षों से लंबित मांगों पर कार्रवाई नहीं होने से बढ़ा आक्रोश, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

राज्य सरकार की योजनाओं के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं का शुक्रवार को पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारियों ने बहिष्कार कर विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों ने अपनी वर्षों से लंबित मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं होने से नाराजगी जताते हुए यह कदम उठाया।

जानकारी के अनुसार, सरकार द्वारा ग्राम सभाओं के आयोजन को लेकर विभागीय आदेश जारी किए गए थे, लेकिन पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारियों ने पदनाम परिवर्तन, कार्य विभाजन सहित अन्य मांगों को लेकर लंबे समय से ज्ञापन देकर




अपनी बात रखी, बावजूद इसके अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया।

पंचायतीराज मंत्रालयिक संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वैष्णव ने बताया कि विभाग की अधिकांश योजनाओं का क्रियान्वयन फील्ड में कर्मचारी ही करते हैं, लेकिन उनके पक्ष में कोई ठोस आदेश जारी नहीं किया जा रहा, जो विभाग के दोहरे रवैये को दर्शाता है। प्रदेश प्रतिनिधि राधेश्याम अहीर ने कहा कि जब तक सरकार उनकी सम्मानजनक मांगों पर निर्णय नहीं लेती, तब तक कर्मचारी फील्ड से जुड़े कार्य नहीं करेंगे। वहीं जिला अध्यक्ष आशीष कुमार भट्ट ने कहा कि कर्मचारी बिना अधिकारों के योजनाओं का कार्य कर रहे हैं, बावजूद इसके विभाग द्वारा उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर तेली ने बताया कि प्रदेश स्तर के आह्वान पर आंदोलन को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

इस दौरान बहिष्कार कार्यक्रम में रतनलाल जाट, रमेश मीणा, कैलाश धाकड़, गोवर्धन पुरी, मंजू तेली, रेनू पारीक, मुकेश खटीक सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चेटीचंड पर झूलेलाल भक्ति में डूबा बिजौलिया, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## भव्य रैली, छेज-डांडिया और झांकियों से सजा उत्सव, फूलों की वर्षा से हुआ स्वागत





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।

**शुभम जैन** । कस्बे में सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल की जयंती चेटीचंड पर्व शुक्रवार को श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाई गई। दिनभर चले धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से पूरा कस्बा भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया।

सुबह झूलेलाल मंदिर में भगवान का पंचामृत से अभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की गई। इसके बाद ध्वजारोहण कर उत्सव का शुभारंभ किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और 'झूलेलाल बेड़ा पार' के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

**वाहन रैली और भव्य शोभायात्रा**

सिंधी नवयुवक मंडल के नेतृत्व में निकाली गई भव्य वाहन रैली ने पूरे कस्बे में उत्सव का माहौल बना दिया। दोपहर में चारभुजा चौक से शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो पंचायत चौक, सब्जी मंडी, तेजाजी चौक होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची। यहां माता रानी के दर्शन कर यात्रा बस स्टैंड मार्ग से पुनः मंदिर परिसर पहुंची।

**फूलों की वर्षा, झांकी बनी आकर्षण**

शोभायात्रा के दौरान कस्बे के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। भगवान झूलेलाल की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मार्ग में जगह-जगह कणा प्रसाद का वितरण किया गया।

**छेज-डांडिया और भजनों पर झूमे श्रद्धालु**

यात्रा में पुरुषों ने पारंपरिक छेज-डांडिया रास प्रस्तुत कर माहौल को जीवंत बना दिया, वहीं महिलाएं सिंधी भजनों और गीतों पर झूमती नजर आईं। युवाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

**महाआरती और विसर्जन के साथ समापन**

शाम को मंदिर परिसर में भव्य महाआरती का आयोजन हुआ। इसके बाद मंडोल बांध में विसर्जन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। अंत में सामूहिक प्रतिभोज का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मोहन लुधानी, कैलाश देवानी, नाथूलाल चावला, संजय सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजजन उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## कोटड़ी में उप जिला अस्पताल निर्माण कार्य शुरू, लोगों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण।



**दिनेश पारीक।** कस्बे के सवाईपुर रोड स्थित उप जिला अस्पताल के निर्माण कार्य की शुरुआत हो गई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रहलाद सेन ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा के प्रयासों से क्षेत्र को यह महत्वपूर्ण सौगात मिली है। अस्पताल के निर्माण के बाद स्थानीय लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं यहीं उपलब्ध होंगी, जिससे भीलवाड़ा जाने की आवश्यकता काफी हद तक कम हो जाएगी। सेंन ने बताया कि वर्तमान में कोटड़ी अस्पताल में 105 प्रकार की जांचें निशुल्क की जा रही हैं, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिल रही है। साथ ही जानकारी दी गई कि शीघ्र ही विधायक की उपस्थिति में उप जिला अस्पताल का विधिवत शिलान्यास कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

## नीलगाय के कारण पलटी बोलेरो, 11 श्रद्धालु सुरक्षित

**देर रात कल्याणपुरा के पास हादसा, साँवरिया दर्शन के लिए जा रहे थे सभी**

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।





**रमेश गुर्जर** । टोंक से साँवरिया जी के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो कार देर रात हादसे का शिकार हो गई। घटना थाना क्षेत्र के कल्याणपुरा गांव के पास रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार बोलेरो में कुल 11 लोग सवार थे। इसी दौरान अचानक सड़क पर नीलगाय के सामने आ जाने से चालक का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी पलट गई।

हादसे में राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई और सभी सवार सुरक्षित हैं। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सहायता प्रदान की। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# रावणा राजपूत समाज की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन, गोपाल सिंह चौहान बने अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

रावणा राजपूत समाज मेवाड़ मंदारिया-सिलोटी आम चौखला की एक महत्वपूर्ण बैठक आवरा माता मंदिर परिसर में आयोजित हुई, जिसमें समाज के सर्वांगीण विकास और संगठन को मजबूत बनाने के साथ नई कार्यकारिणी के गठन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत पूर्व अध्यक्ष कैलाश सिंह द्वारा अपनी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा से हुई। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत करते हुए समाज के आय-व्यय का पूरा ब्योरा पंचों के समक्ष रखा।

इसके बाद नए अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से 7 नाम प्रस्तावित किए गए। इन सभी नामों पर चौखला के पंचों और समाजजनों ने गहन विचार-विमर्श किया, लेकिन अंत में समाज की एकता और सामंजस्य को प्राथमिकता देते हुए सभी ने चिताम्बा निवासी गोपाल सिंह चौहान के नाम पर सहमति जताई और उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

नई कार्यकारिणी में शिव सिंह निंबेड़ा को उपाध्यक्ष, भंवर सिंह चिताम्बा को सचिव और कैलाश सिंह कांकरोद को कोषाध्यक्ष बनाया गया, वहीं तेज सिंह ज्ञानगढ़, समंदर सिंह तहलेटी, लक्ष्मण सिंह निबेड़ा, बालू सिंह बेमाली, गंगा सिंह कुंवार और नारायण सिंह कणवेरा को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।



बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राजसमंद के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह पालड़ी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में समाज की कुरीतियों को समाप्त करने और एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया तथा नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर समाज के विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण संकल्प भी लिए गए। विशेष रूप से आवरा माता मंदिर परिसर में एक भव्य सराय (विश्राम गृह) के निर्माण प्रस्ताव पर चर्चा हुई, जिस पर सभी पंचों और समाजजनों ने सहमति जताते हुए इसे जल्द शुरू करने की बात कही। बैठक में बड़ी संख्या में चौखला के पंच और समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# जीव दया अभियान का विस्तार, 500 पानी की टंकियों के निःशुल्क वितरण का संकल्प


**22 मार्च को अहिंसा भवन में दूसरे चरण का आयोजन, सांसद दामोदर अग्रवाल होंगे मुख्य अतिथि**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

गौ सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद का 'जीव दया अभियान' जिले में लगातार विस्तार पा रहा है। परिषद द्वारा 500 मजबूत सीमेंट की पानी की टंकियों एवं गौ-पात्रों के निःशुल्क वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अभियान के तहत प्रथम चरण का आयोजन बसंत विहार स्थित निम्बार्क आश्रम में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जहां 100 सीमेंट की पानी की टंकियों एवं गौ-पात्रों के लिए संकल्प पत्र भरवाकर उनका वितरण किया गया।

अभियान का दूसरा चरण 22 मार्च को दोपहर 3:15 बजे अहिंसा भवन, शास्त्री नगर, भीलवाड़ा में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर भी 100 सीमेंट की पानी की टंकियों एवं गौ-पात्रों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में



उपस्थित रहेंगे, वहीं पूज्य महंत बनवारी शरण काठिया बाबा के सान्निध्य में आयोजन सम्पन्न होगा।

परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब एवं संरक्षक हेमंत कोठारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गौवंश के लिए स्वच्छ जल और आहार की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करना है। साथ ही समाज में सेवा, करुणा, जीव दया एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है।

समाजसेवी ललित आंचलिया एवं जिला संयोजक अनुराग बाबेल ने बताया कि बढ़ती गर्मी और जल संकट के मद्देनजर यह अभियान अत्यंत आवश्यक है। मार्च माह में कुल 500 टिकाऊ सीमेंट की टंकियों एवं गौ-पात्रों के वितरण से गौवंश के लिए दीर्घकालिक जल व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

कार्यक्रम संयोजक नेहा चोरड़िया एवं मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, जो न केवल धार्मिक आस्था बल्कि पर्यावरण संतुलन और संवेदनशील समाज के निर्माण का आधार भी है।

आयोजन की तैयारियों में जिला उपाध्यक्ष ललित बोहरा, जिला सचिव अभिषेक पोखरना, सहसचिव कमल वैशनानी, जिला महामंत्री ललित लोढ़ा, शहर अध्यक्ष अंकित सोमानी, नवनीत अजमेरा, अमित अग्रवाल, कुसुम श्रीश्रीमाल, रजनी बापना, सुनीता गांधी, अर्पित नंदावत, ज्ञानचंद पगारिया, सीए बलबीर डागलिया, रतन देसरडा, पवन कुमार राठी, प्रतीक बाफना, दिनेश खरवड़, आनंद लोढ़ा, विपिन जैन सहित अनेक पदाधिकारी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव 'चेटीचंड' हर्षोल्लास के साथ मनाया

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

सिंधी समाज द्वारा वरुण अवतार भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव 'चेटीचंड' शुक्रवार को सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर में श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। दिनभर चले धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से पूरा क्षेत्र 'जय झूलेलाल' के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8:15 बजे अखंड ज्योत प्रज्वलित कर की गई। दोपहर 12:15 बजे समाज अध्यक्ष चुन्नीलाल सुजनानी की अध्यक्षता में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा मंदिर शिखर पर नई ध्वजा फहराई गई। इस दौरान महिलाओं और युवाओं ने भगवान झूलेलाल के भजनों एवं 'पंजड़ों' पर नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया।

दोपहर में भगवान झूलेलाल एवं अमर शहीद हेमू कालानी की भव्य झांकी निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई गांधी चौक पहुंची। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

गांधी चौक पर समाज की ओर से श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को पारंपरिक प्रसाद के रूप में मीठे चावल (तहरी) और चने वितरित किए गए। इससे पूर्व



गुरुवार शाम को झूलेलाल वाटिका में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर वरुण देवता के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन किया।

कार्यक्रम के समापन पर भगवान झूलेलाल की भव्य महाआरती की गई और परंपरा अनुसार ज्योत को जल में प्रवाहित (बहराणा साहिब) किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष चुन्नीलाल सुजनानी, उपाध्यक्ष भगवानदास हरवानी, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद हरवानी सहित भवानी शंकर, ओम प्रकाश, कन्हैया लाल, बुद्धि प्रकाश, चेतन, प्रदीप, भीष्म कुमार, विनोद, राजेश, जैकी, राजू, अशोक, जगु, दौलत, तुलसी, गौरी शंकर सहित समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति एवं युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# बनकाखेड़ा महायज्ञ में अश्व पूजन, 18 जोड़ों ने दी आहुतियां

**आज यज्ञ लक्ष्मी संग चारभुजानाथ के फेरे, महाआरती के साथ होगी पूर्णाहुति**

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।

कस्बे के निकटवर्ती बनकाखेड़ा गांव में श्री मोचड़िया के मंड स्थित देवनारायण भगवान मंदिर प्रांगण में श्री बानोड़ा बालाजी के तत्वावधान में आयोजित श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ के चौथे दिन धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रही। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर यज्ञ में आहुतियां दी।

महायज्ञ के चौथे दिन स्थापित देवी-देवताओं का आह्वान कर स्तंभ पूजन किया गया तथा विशेष रूप से अश्व पूजन का आयोजन हुआ। बानोड़ा बालाजी आचार्य मंडल एवं पंडितों के सान्निध्य में 18 जोड़ों ने हवन कुंड में



भगवान श्रीराम, शिवजी एवं षोडश मातृका सहित अन्य देवी-देवताओं की 1008 आहुतियां अर्पित की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने चारभुजानाथ, देवनारायण भगवान एवं बालाजी से सुख-समृद्धि की कामना की।

आयोजकों ने बताया कि शनिवार को दोपहर 2:15 बजे यज्ञ लक्ष्मी एवं चारभुजानाथ के फेरे संपन्न होंगे, जिसके बाद पांच दिवसीय महायज्ञ की पूर्णाहुति महाआरती के साथ की जाएगी। इसके पश्चात प्रसादी का भोग लगाकर वितरण किया जाएगा।

शनिवार रात्रि को पन्नालाल सालवी एंड पार्टी द्वारा बगड़ावत कथा का वाचन किया जाएगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है।

महायज्ञ के साथ लग रहे मेले में आसपास के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु जहां एक ओर यज्ञशाला की परिक्रमा कर दर्शन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मेले में खरीददारी के साथ झूले, चकरी और अन्य आकर्षणों का आनंद ले रहे हैं।

इससे पूर्व गुरुवार रात्रि को आयोजित भव्य भजन संध्या में विजया किशोरी एंड पार्टी ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दीं, जिस पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए।

# चेटीचंड पर झूलेलाल की भक्ति में सराबोर मांडलगढ़, शोभायात्रा में झूमे श्रद्धालु

## भव्य वाहन रैली का जगह-जगह स्वागत, 'झूलेलाल बेड़ा पार' के जयकारों से गूंजा शहर





**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेटीचंड पर्व पर उपखंड क्षेत्र में शुक्रवार को गहरा धार्मिक उत्साह और उल्लास देखने को मिला। शहर पूरी तरह आस्था और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सिंधी समाज कमेटी के तत्वावधान में निकाली गई भव्य शोभायात्रा और वाहन रैली ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।

रैली की शुरुआत नई आबादी स्थित झूलेलाल मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ हुई, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान झूलेलाल की आरती उतारी। इसके बाद सजी-धजी वाहनों की लंबी कतार शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। रैली में महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए, जिनके रंग-बिरंगे परिधान और भक्ति भाव से सराबोर चेहरे आकर्षण का केंद्र रहे।

शोभायात्रा में युवाओं और युवतियों का खासा उत्साह देखने को मिला। डीजे की धुनों पर नाचते-गाते युवा जुलूस के साथ आगे बढ़ते रहे। 'झूलेलाल बेड़ा पार' के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा।

रैली का शहर में विभिन्न स्थानों पर समाजों और व्यापारियों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सामाजिक सौहार्द और एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली।

चेटीचंड महोत्सव के अवसर पर सिंधी युवकों ने दुपहिया वाहन रैली भी निकाली और क्षेत्रवासियों को हेलमेट पहनने का संदेश दिया।

रैली नई आबादी स्थित झूलेलाल मंदिर से शुरू होकर अस्पताल रोड, सर्किल क्षेत्र होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। समापन पर महाआरती और भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने देर रात तक भक्ति रस का आनंद लिया।

शोभायात्रा में प्रभुदयाल सिंधी, नारायण दास सिंधी, भंवरलाल सिंधी, घनश्याम दास सिंधी, गोविंद सिंधी, अशोक सिंधी, नेवन्त सिंधी, मोहनदास सिंधी, अध्यक्ष योगेश कुमार सिंधी, रमेश सिंधी, दिनेश सिंधी, पदमा देवी, चंद्रा देवी, गीता देवी, लता देवी, राधा देवी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में शामिल होंगे फिल्म व लोक कलाकार

## बिहार दिवस पर कल टांक भवन में होगा भव्य आयोजन, 51 प्रतिभाओं का होगा सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पूर्वांचल जन चेतना चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 'बिहार दिवस' के उपलक्ष्य में 22 मार्च को विशाल निशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक टांक भवन, अम्बेश हॉस्पिटल के पास, आजाद नगर, भीलवाड़ा में आयोजित होगा।

कार्यक्रम में बॉलीवुड एवं टीवी जगत के अभिनेता गुलशन पांडे मुख्य आकर्षण के रूप में शिरकत करेंगे। इसके साथ ही राजस्थान के चर्चित अभिनेता राज जांगिड़ और लोक कलाकार अनोखी राजस्थानी भी उद्घाटन सत्र एवं सम्मान समारोह में उपस्थित रहेंगे।



जिला यूनेस्को संगठन की प्रवक्ता मधु लोढ़ा ने बताया कि बिहार दिवस के अवसर पर बिहार समाज के 51 विशिष्ट व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान जिला यूनेस्को एसोसिएशन और पूर्वांचल जन चेतना समिति के संयुक्त तत्वावधान में दिया जाएगा।आयोजन का मुख्य उद्देश्य गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि वे समय पर उचित उपचार प्राप्त कर सकें। शिविर में मरीजों के लिए टेंट, बैठने की व्यवस्था, अल्पाहार और चाय-पानी की समुचित व्यवस्था भी की जाएगी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव को भी आमंत्रित किया गया है। यह निमंत्रण जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा, स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली एवं जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल द्वारा दिया गया।

शिविर में आने वाले लोगों के लिए विशेष रूप से बिहार की पारंपरिक व्यंजन 'लिट्टी-चोखा' का स्वाद भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक अनुभव भी मिल सके।

# चेटीचंड महोत्सव पर झूलेलाल भक्ति में डूबा शाहपुरा

## वाहन रैली, भजन संध्या और प्रसाद वितरण से बना भक्तिमय माहौल





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी ।** चेटीचंड पर्व के पावन अवसर पर शुक्रवार को शाहपुरा शहर सिंधी समाज की आस्था, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर नजर आया। पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव ने पूरे शहर को भक्ति और उल्लास के माहौल में डुबो दिया। सुबह से देर रात तक चले कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और 'झूलेलाल बेड़ा ही पार' के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।महोत्सव की शुरुआत सिंधी पंचायत अध्यक्ष लीलाराम वासवानी की अगुवाई में मंदिर परिसर में झंडारोहण और पूज्य बहराणा साहब की ज्योति प्रज्वलित कर हुई। इसके बाद निकाली गई भव्य वाहन रैली ने शहरभर में उत्सव का माहौल बना दिया। रंग-बिरंगे वाहनों, भगवा ध्वजों और धार्मिक नारों से सजी रैली आकर्षण का केंद्र रही।



**दिनभर चले धार्मिक आयोजन, शाम को भजन-सत्संग**

झूलेलाल मंदिर में दिनभर अभिषेक, आरती और वंदना के साथ पूजा-अर्चना की गई। शाम को मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया, जहां भजन-कीर्तन, सत्संग और प्रसाद वितरण के साथ भक्तिमय माहौल बन गया। मधुर भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए।

**बहराणा साहब और महिला मंडल की प्रस्तुति बनी आकर्षण**

बहराणा समिति के तत्वावधान में चेतन चंचलानी, मोहन केवलानी और पूर्व अध्यक्ष मोहन लखपतानी के नेतृत्व में बहराणा साहब का भव्य निर्माण किया गया।

वहीं झूलेलाल महिला मंडल की महिलाओं ने भजनों, पंजड़ा गायन और नृत्य प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

**भव्य शोभायात्रा और ज्योति विसर्जन**

देर शाम बहराणा साहब की अखंड ज्योति के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो बालाजी की छतरी, सदर बाजार, कुंडगेट सहित प्रमुख मार्गों से होती हुई संत कंवर राम धर्मशाला होते हुए पिवणिया तालाब पहुंची। यहां विधि-विधान से जल देवता की पूजा कर बहराणा साहब की ज्योति का विसर्जन किया गया।

**भोग, प्रसाद और भंडारे का आयोजन**

श्रद्धालुओं ने भगवान झूलेलाल को मीठे चावल और छोले का भोग अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। रात्रि में संत कंवर राम धर्मशाला के समीप विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

**इनकी रही सहभागिता**

आयोजन में अध्यक्ष लीलाराम वासवानी, पूर्व अध्यक्ष मोहन लखपतानी, सचिव नरेश लखपतानी, कोषाध्यक्ष अशोक थानवानी सहित चेतन चंचलानी, नरेश तोलानी, पंकज पेसवानी, मूलचंद पेसवानी सहित कई गणमान्य नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही।

QUICK BITES

# फोरलेन सड़क चौड़ीकरण को लेकर ग्रामीणों की मांग, सांसद से की मुलाकात

## पडेर क्षेत्र में बाईपास की उठी मांग, मार्केट बचाने पर जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



**गजानंद जोशी ।** पडेर क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाईवे 148डी के फोरलेन चौड़ीकरण को लेकर शुक्रवार को प्रभावित ग्रामीणों ने भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी। ग्रामीणों ने पडेर क्षेत्र से बाईपास निकालने की मांग की, ताकि स्थानीय बाजार यथावत बना रह सके।

राजमल माली के नेतृत्व में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में अपनी बात रखते हुए बताया कि वर्तमान प्रस्तावित मार्ग से बाजार प्रभावित होगा, जिससे स्थानीय व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

इस पर सांसद अग्रवाल ने नेशनल हाईवे अधिकारियों से बातचीत कर ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले में पुनः सर्वे करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए बाईपास निकालने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

इस दौरान लोकेश कुमार शर्मा, कैलाश चंद्र तिवारी, अजय सुवालका, दिनेश सुवालका, सोनु शर्मा, योगेश शर्मा, किशन दाधीच, रमेशचंद्र शर्मा, राजेश पाराशर सहित कई महिला-पुरुष मौजूद रहे।

# मांडलगढ़ में उत्सव का माहौल, गणगौर महोत्सव और कवि सम्मेलन की तैयारी पूरी

## 21 को गणगौर, 23 को हास्य-वीर रस से गूंजेगा मंच

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



नगरपालिका मंडल मांडलगढ़ द्वारा 23 मार्च की रात्रि 8 बजे अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक गोपाल खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में होगा। पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिता सुराणा ने बताया कि कवि सम्मेलन में देशभर के प्रसिद्ध कवि अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इनमें मुरलीधर गौड़ राजस्थानी गीतकार, बारा, अतुल ज्वाला हास्य कवि, इंदौर, सिद्धार्थ देवल वीर रस, उदयपुर , दीपक पारीक हास्य कवि, भीलवाड़ा, मुकेश मौलवा भोपाल, दिनेश बंटी शाहपुरा, कोमल नाजुक श्रृंगार रस, रायबरेली, भूपेंद्र राठौड़ वीर रस, कोटा, विशाल ब्रह्मभट्ट मांडलगढ़, मुकेश महाकाल गीतकार एवं मनीष सुखवाल हास्य कवि, मांडलगढ़ शामिल हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय डांगी, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन ब्रह्मभट्ट, नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, एडवोकेट जमनालाल सेन, अरविंद वैष्णव, पूर्व पार्षद नीलकमल पटवा, लादूलाल खटीक, मनोज आंचलिया सहित पूरी टीम तैयारियों में जुटी हुई है।

**21 मार्च को गणगौर महोत्सव भी**

अनिता सुराणा ने बताया कि 21 मार्च को शाम के समय जालेश्वर तालाब परिसर में गणगौर महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान रात्रि में भजन संध्या का आयोजन भी होगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# भजन संध्या में गूंजे गुफा वाले बाबा के भजन, श्रद्धालु झूमे

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



**गजानंद जोशी ।** क्षेत्र के तपस्वी गुफा वाले बाबा के प्राचीन कुंड स्थित स्थल पर गुरुवार रात्रि भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान भजनों की मधुर धुनों से वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भावविभोर नजर आए।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक कलाकार युवराज वैष्णव ने अपने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी, जिस पर महिला-पुरुष श्रद्धालु झूमते और नाचते नजर आए।

इस दौरान गुफा वाले बाबा के अखंड दीप प्रज्वलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। भजन संध्या में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं भक्तगण उपस्थित रहे और भजनों का आनंद लिया।

# सहकारी कर्मचारियों का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 23 मार्च को हरणी महादेव में

## मांगों को लेकर प्रदर्शन व कलेक्टर को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान सहकारी कर्मचारी विकास मंच, जयपुर के तत्वावधान में शुक्रवार को हरणी महादेव परिसर में जिला अध्यक्ष सत्यनारायण तिवाड़ी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सहकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 23 मार्च को हरणी महादेव, भीलवाड़ा में प्रदेश स्तरीय सहकारीता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में सहकारी कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

बैठक में मप्रदर्शन व ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम तय किया गया कि सम्मेलन के बाद दोपहर 12 बजे केंद्रीय सहकारी बैंक सूचना केंद्र चौराहे पर ढोल बजाकर प्रदर्शन किया जाएगा।

मंच पदाधिकारियों ने बताया कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।